भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4875
16 दिसम्बर, 2016 को उत्तर के लिए

तटरक्षक बल स्टेशन

4875. डॉ. के. कामराज :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान समय में देश में तटरक्षक बलों के प्रचालनरत स्टेशनों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का तटरक्षक बल को आधुनिक तथा मजबूत बनाने हेतु अन्य क्या उपाय करने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान आवंटित/प्रस्तावित धनराशि का तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र सहित विस्तार भारतीय कॉस्टगार्ड योजना को इंगित करते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. सुभाष भामरे)

(क) : देश में तटरक्षक स्टेशनों की सूची अनुबंध-I में संलग्न है ।

(ख) और (ग) : परिसम्पत्तियों और उपस्करों सहित तटरक्षक यूनिटों का आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है जो उस आवश्यकता पर आधारित है जिसके लिए पर्याप्त निधियां प्रदान की जाती हैं । तटरक्षक में 2018 तक वर्तमान संख्या 125 से बढ़ाकर 150 तक करने के लिए भूतल प्लेटफार्मों की परिकल्पना है । इसी तरह, विमानों की संख्या 2020 तक वर्तमान में 62 से बढ़ाकर 100 तक करने की अपेक्षा है । ये पोत एवं विमान उन तटरक्षक स्टेशनों पर स्थापित किए जाएंगे जिनमें तमिलनाडु से प्रचालित हो रहे तटरक्षक स्टेशन शामिल हैं । पिछले तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजन के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय चेन्नै को आवंटित निधियां इस प्रकार हैं:-

वर्ष	**आवंटित निधियां (करोड़ रुपए में)**
2015-16	177.31
2014-15	154.54
2013-14	109.61

लोक सभा में दिनांक 16 दिसम्बर, 2016 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 4875 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

तटरक्षक बल स्टेशन

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**स्टेशन**
दिल्ली	दिल्ली
गुजरात	गांधीनगर
	पोरबन्दर
	ओखा
	जाखऊ
	वाडीनार
	वेरेवल
	मुंद्रा
	पिपावाव
महाराष्ट्र	मुंबई
	मुरुद जनजीरा
	रत्नागिरि
	दहानु
गोवा	गोवा
कर्नाटक	न्यू मैंगलौर
	कारवाड़
केरल	कोच्चि
	विजहिनजाम
	बेपोर
लक्ष्यद्वीप एवं मिनिकॉय	कावारत्ती
	मिनिकॉय
	आंदरोथ
तमिलनाडु	चेन्नै
	मंदापम
	टुटीकोरिन
पुडुचेरी	पुडुचेरी
	करईकल
आंध्र प्रदेश	विजाग
	काकीनाडा
	कृष्णापट्नम
	निजामपट्नम
ओडिशा	पारादीप
	गोपालपुर
पश्चिम बंगाल	हल्दिया
	कोलकाता
	फ्राजरगंज
अंडमान एवं निकोबार	पोर्ट ब्लेयर
	दिगलीपुर
	कैंपबेल बे
	हुटबे
	मायाबंडर
	कमोरता
कुल - 42 तटरक्षक बल स्टेशन	

******